दिल्ली रेलवे स्टेशन में

मुसाफ़िर : सुनिए, क्या यह बनारस की ट्रेन है ? रेल अधिकारी : नहीं भाईसाहब, यह तो अलीगढ़ की गाड़ी है। मुसाफ़िर : अलीगढ़ बनारस के पास है ? रेल अधिकारी : अलीगढ़ दिल्ली के काफ़ी पास है पर बनारस यहां से दूर है। उधर, वहां जाइए। वह बनारस की रेलगाड़ी है। पर टिकट के बिना सफ़र मत कीजिए। पहले टिकट ज़रूर खरीदिए !

बस में

'ये सीटें सिर्फ़ बुज़ुर्गों और महिलाओं के लिए हैं' 'बस के अंदर सिगरेट पीना मना है'

यात्री : क्या यह जगह खाली है ? कंडक्टर : हां। आइए, बैठिए।

यात्री : ये पैसे लीजिए और १ टिकट दीजिए। कंडक्टर : लीजिए, यह है आपका टिकट। अब आराम से सफ़र कीजिए।

एक मज़ेदार शेर : अमीरों की ज़िन्दगी - बिस्कुट (sic) और केक, ड्राइवर की ज़िन्दगी - स्टीयरिंग और ब्रेक ☺

रेस्टोरेन्ट में

'पीने का पानी' 'हाथ धोने की जगह' 'शुद्ध शाकाहारी भोजन' 'हमारी मिठाइयां इस शहर में मशहूर हैं'

ग्राहक : आज खाने में क्या है ? बैरा : सब कुछ है, साहब - दाल, चावल, सब्ज़ियां...।

ग्राहक : थोड़ा चावल, ढेर सारी दाल और दो रोटियां लाओ। बैरा : ठीक, पर आज भीड़ है तो ज़रा इंतज़ार कीजिए।

अस्पताल में

'यहां थूकना सख्त मना है' 'जान है, जहान है' 'शराब पीना आपकी सेहत के लिए खतरनाक है' 'दवाइयों की दुकान'

मरीज़ : मैं बहुत बीमार हूं। सुबह से परेशान हूं। डाक्टर कहां है ? डाक्टर साहब, जल्दी से कोई अच्छी दवा दीजिए।

डाक्टर :भाई साहब मत घबराइए। यह दवा लीजिए और पानी के साथ खाइए। फिर घर जाइए और आराम कीजिए।

दुकान में

खरीदार : सुनिए, क्या आपके पास रेशमी साड़ियां हैं ? कल मेरी दोस्त की शादी है। कोई सुन्दर सी साड़ी दिखाइए। दुकानदार : यह देखिए, कितनी सुन्दर रंगीन बनारसी साड़ी है। एकदम नई है। आप यह साड़ी ज़रूर खरीदिए। खरीदार : आपकी बात सही है। यह वाकई बहुत सुन्दर है। रंग सचमुच बहुत प्यारे हैं। क्या यह महंगी है ? दुकानदार : अरे नहीं बहन जी, यह तो बहुत ही सस्ती है। बस, सिर्फ़ पांच हज़ार रुपए की है। खरीदार : हे राम ! अरे बाबा, यह तो बड़ी महंगी है। मैं बिल्कुल अमीर नहीं हूं। कीमत कम कीजिए। दुकानदार : ठीक है। आप शायद फ़्रांसीसी हैं, है न ? इनालको की छात्रा भी हैं। इनालको भारत में बहुत मशहूर है। वहां के छात्र मेहनती हैं। ऊपर से आपकी हिन्दी अच्छी है। आपके लिए सिर्फ़ चार हज़ार रुपए। कहिए, बात पक्की ?